

प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी मुंबई इंडियंस

मुंबई इंडियंस को धवन कुलकर्णी से उम्मीद होगी क्योंकि वो मुंबई रणजी ट्राफी टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं और उन्हें आइपीएल में खेलने का भी अनुभव है। 2008 में आइपीएल में पदार्पण करने के बाद वह 90 मैच खेले थे जिसमें उन्होंने 86 विकेट झटके। कुलकर्णी ज्यादातर राजस्थान रायल्स के लिये खेले हैं। वह मुंबई इंडियंस और गुजरात लायंस के लिए भी कुछ मैच खेल चुके हैं। मुंबई इंडियंस की टीम लगातार आठ मैच गंवाकर पहले ही प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

## कमेंट्री कर रहा था यह 33 वर्षीय तेज गेंदबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। मुंबई इंडियंस टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है और वो प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। इस टीम की गेंदबाजी खास तौर पर तेज गेंदबाजों ने इस सीजन में काफी निराश किया है और अपने फास्ट बालर के प्रदर्शन से हताश होकर इस टीम ने अनुभवी गेंदबाज धवल कुलकर्णी को अपने दल में शामिल किया है। धवन अगर ट्रेनिंग सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो इस सीजन के बचे हुए मैचों में टीम उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल कर खेलने का मौका दे सकती है। आइपीएल सूत्रों के मुताबिक 33 साल का ये बाएं हाथ का तेज गेंदबाज टीम के साथ बायो–बबल में जुड़ चुके हैं और जल्दी ही ट्रेनिंग शुरू कर देंगे। धवन मुंबई टीम के साथ जुड़ने से पहले आधिकारिक प्रसारक की कमेंट्री टीम का हिस्सा थे। मुंबई के अन्य तेज गेंदबाजों ने इस सीजन में अब तक जरा सा निराश किया है जिसमें जसप्रीत बुमराह ने 8 मैचों में 229 रन दिए हैं और उन्हें सिर्फ 5 विकेट मिले हैं। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट ने पांच मैचों में 190 रन देकर 6 विकेट लिए हैं।

# प्योर क्रिकेटिंग शाट्स राहुल की बल्लेबाजी को बनाता है उत्कृष्ठ

**क्रिकेट**

## सुनील गावस्कर ने की के एल राहुल की जमकर तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने आइपीएल के इस सीजन में अपनी बल्लेबाजी से बाकी टीमों के नाक में दम कर दिया है। उन्होंने अब तक दो शतक इस सीजन में लगा दिए हैं और फिलहाल आरेंज कैप की सूची में जोस बटलर के बाद दूसरे स्थान पर काबिज हैं। फिलहाल उनके खाते में 8 मैचों में 368 रन हैं जिसमें दो शतक और एक अर्धशतक शामिल है। उनकी शानदार बल्लेबाजी ने महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर को भी हैरत में डाल दिया है।

उनका मानना है कि राहुल की बल्लेबाजी के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि उनके शाट्स में कुछ भी अजीबोगरीब नहीं है जो उन्हें एक विशेष खिलाड़ी बनाती है। की प्रशंसा की और कहा उनका प्रदर्शन कमाल का रहा है। उनकी बल्लेबाजी की सबसे अच्छी बात



यह है कि उनके क्रिकेट शॉट्स में कुछ भी अजीबोगरीब नहीं है। उनके द्वारा खेला जाने वाला प्रत्येक शाट्स क्रिकेटिंग शाट्स है। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से बताया है कि आपको आड़े–तिरछे शाट्स बनाने की जरुरत नहीं बल्कि यदि आपके पास प्योर क्रिकेटिंग शाट्स हैं, तो उनका उपयोग करें। उनके शाट्स का चयन कमाल रहा है। उनकी बल्लेबाजी की प्रशंसा करने वालों में केवल सुनील गावस्कर नहीं हैं बल्कि इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने भी केएल राहुल की बल्लेबाजी की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि उसके पास शॉट्स की एक विस्तृत श्रृंखला है। इसलिए वह आपको बैक–फुट प्वाइंट पर मार सकता है, वह आपको छक्का लगा सकता है। वह आपको एक्स्ट्रा–कवर पर मार सकता है, वह आपको जमीन पर मार सकता है, और वह आपको मिडविकेट के ऊपर मार सकता है। वह वास्तव में 360 डिग्री बल्लेबाज है। मेरा मतलब है, उनकी बल्लेबाजी ताजी हवा की सांस की तरह है जिसे आप टीवी आन कर पूरे दिन बल्लेबाजी करते हुए देख सकते हैं।

राहुल के अलावा ओपनर क्विंटन डीकॉक, मनीष पांडे, दीपक हुडा और आयुष बडोनी के साथ ही मार्कस स्टोइनिस, क्रुणाल पंड्या और जेसन होल्डर जैसे ऑलराउंडर भी हैं जो ताबड़तोड़ रन बनाने में माहिर हैं।

# डि विलियर्स को अब भी आते हैं अख्तर के डरावने सपने

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की गिनती दुनिया के चोटी के तेज गेंदबाजों में होती है। अख्तर के नाम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज गेंद फेंकने का रिकॉर्ड है। उन्होंने 161.3 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी है। अपनी रफ्तार के साथ–साथ अख्तर की सबसे बड़ी खासियत बल्लेबाजों पर असर डालना रहा। वह अपनी रफ्तार और एटिट्यूड से विपक्षी बल्लेबाजों पर असर डालते थे। अख्तर ने कमाल के स्पैल फेंके हैं। ऐसी गेंदबाजी जिसे आज भी याद किया जाता है। अख्तर जिस तरह क्रीज पर दौड़कर आते थे, उसे देखना ही अपने आप में रोमांच होता है।

### दोनों ने अपने खेल के दिनों को किया याद

अख्तर का एक वीडियो शेयर किया था जिसमें वह शेन वॉटसन को एक बाउंसर फेंक रहे हैं। यह एक तेज रफ्तार बाउंसर थी जो बल्लेबाज और विकेटकीपर को छकाते हुए बाई का चौका चला गया था। वॉटसन ने ट्वीट किया था, अपना 21वां जन्मदिन सेलिब्रेट करने का क्या शानदार तरीका था! उची वाकई बहुत खतरनाक रूप से तेज थे। एबी डि विलियर्स ने इस ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए लिखा, ओह मैन! मुझे अब भी डरावने सपने आते हैं। अख्तर भी इसके बाद इस चर्चा में उतर आए। उन्होंने याद दिलाया कि अपने खेल के दिनों में साउथ अफ्रीका का यह बल्लेबाज दुनियाभर के गेंदबाजों की रातों की नींद उड़ा देता था। उन्होंने यह भी बताया कि आखिर साउथ अफ्रीका के इस खिलाड़ी के साथ चर्चा करना उन्हें कितना पसंद था। डि विलियर्स ने इसके बाद अख्तर के ट्वीट पर रिप्लाई किया और सुपरस्पोर्ट्स पार्क में हुए मुकाबले को याद किया। यहां अख्तर की एक गेंद इतनी खतरनाक थी कि उसने एबी डिविलियर्स की टांग लगभग तोड़ ही दी थी। उन्होंने मजाक में यह भी लिखा कि अख्तर की गेंद पर पुल मारने की कोशिश करना एक बड़ी गलती थी।

डि विलियर्स ने लिखा, हाहा। क्या दिन थे! जब मैंने तुम्हारी गेंद पर पुल करके सिक्स मारने की कोशिश की तो तुमने सुपरस्पोर्ट्स पार्क पर मेरी टांग लगभग तोड़ दी थी।

## श्रीलंका दौरे के लिए आस्ट्रेलिया ने की टीम की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आस्ट्रेलिया ने 7 हफ्तों के लंबे श्रीलंका दौरे के लिए अपने टीम का एलान कर दिया है। इसमें पैट कमिंस को 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए आराम दिया गया है। इस दौरे पर आस्ट्रेलिया की टीम 3 टी20 मैचों के अलावा 5 वनडे और दो टेस्ट मैचों की सीरीज भी खेलेगी। इस दौरे पर आस्ट्रेलिया की मजबूत टीम दिखेगी क्योंकि कई खिलाड़ी आइपीएल के चलते पाकिस्तान के खिलाफ वनडे मैच खेलने चूक गए थे। पैट कमिंस के अलावा मार्कस हैरिस और मार्क स्टेकेटी को 16 सदस्यीय टेस्ट स्क्वाड में जगह नहीं मिली है। हालांकि दोनों को एए टीम में नामित किया गया है जो सीनियर पुरुष टीम के साथ श्रीलंका दौरे पर होंगे। सीमित ओवरों की टीम की बात करें तो पाकिस्तान के खिलाफ शतक लगाने वाले खिलाड़ी बेन मैकडरमोट को जगह नहीं मिली है। इसके अलावा माइकल नेसर को भी मौका नहीं मिला है। एडम जैंपा को इस दौरे से ब्रेक दिया गया है। नए कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के लिए ये पहला दौरा भी होगा।

## न्यूज डायरी



## गुजरात के खिलाफ आरसीबी की उम्मीदें कोहली के फॉर्म पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। आत्मविश्वास से ओत–प्रोत गुजरात टाइटंस के खिलाफ रॉयल चौलेंजर्स बेंगलोर इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में शनिवार को उतरेगी तो सभी की नजरें एक बार फिर विराट कोहली के बल्ले पर लगी होंगी जो अर्से से खामोश है। कोहली इस सत्र में नौ मैचों में 128 रन ही बना सके और उनका सर्वोच्च स्कोर 48 रन रहा। पिछले मैच में उन्हें पारी की शुरूआत करने भेजा गया लेकिन वह नौ रन ही बना सके। इससे पहले दो मैचों में वह खाता भी नहीं खोल पाये थे। कोहली का फॉर्म आरसीबी के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं आ पाने की बड़ी वजह है। आरसीबी इस समय नौ में से पांच मैच जीतकर पांचवें स्थान पर है। दूसरी ओर टाइटंस ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। जीत के अश्वमेधी अभियान पर सवार टीम के पास मैच विजेताओं की पूरी फौज है और संकट के समय हर बार एक नया खिलाड़ी संकटमोचक बनकर उभरता है। आठ में से सात मैच जीतने वाली टाइटंस ने लगातार पांच मैच जीते हैं।

## पाक स्पिनर दानिश कनेरिया ने शाहिद अफरीदी को कहा– झूठा और चरित्रहीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया कई बार पाकिस्तानी टीम में धार्मिक भेदभाव को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। दानिश ने अब धार्मिक भेदभाव को लेकर पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी पर आरोप लगाया है। कनेरिया ने आरोप लगाया कि अफरीदी झूठे हैं। कनेरिया ने आरोप लगाया कि शाहिद अफरीदी उनके साथ सिर्फ इसलिए बुरा व्यवहार करते थे क्योंकि वह एक हिंदू होकर और पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के लिए खेलते हैं। इससे पहले, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने भी दावा किया था कि कनेरिया के साथ पाकिस्तानी टीम के कुछ क्रिकेटर धर्म के आधार पर भेदभाव करते थे। और उनके साथ बुरा व्यवहार किया करते थे। कनेरिया ने कहा, शोएब अख्तर पहले इनसान थे जिन्होंने मेरी समस्या के बारे में खुलकर बात की। यह कहने के लिए एक हिंदू होने के कारण मेरे साथ टीम में बुरा व्यवहार होता था, मैं उन्हें सलाम करता हूं।

## डेविड वॉर्नर ने आईपीएल में बनाया बड़ा रिकॉर्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने इंडियन प्रीमियर लीग में कई साल से शानदार प्रदर्शन किया है। गुरुवार को दिल्ली कैपिटल्स के इस सलामी बल्लेबाज ने इस लीग में एक और बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच के दौरान हाफ सेंचुरी से तो चूक गए लेकिन उन्होंने कमाल का रिकॉर्ड बना दिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर वॉर्नर ने दिल्ली ने कोलकाता को हराकर सीजन की चौथी जीत दर्ज की। आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा हाफ सेंचुरी बनाने वाले वॉर्नर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 1000 रन भी पूरे कर लिए। वॉर्नर ने इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ भी 1000 आईपीएल रन पूरे किए थे। सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व कप्तान वॉर्नर आईपीएल में किन्हीं दो टीमों के खिलाफ एक हजार रन बनाने वाले पहले और इकलौते खिलाड़ी बन गए हैं।

## मैं नहीं जानता उनके दिमाग में क्या चल रहा है: गांगुली

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्तमान में भारतीय क्रिकेट में जो सबसे बड़ी समस्या है जिसको लेकर लगातार चर्चाएं हो रही है वो है विराट कोहली और रोहित शर्मा का फार्म। भारत के प्रमुख बल्लेबाजों में से दोनों का फार्म आइपीएल के इस सीजन में ठीक नहीं रहा है। कोहली के पिछले पांच इनिंग्स की बात करें तो उनके बल्ले से 1, 12, 0, 0, और 9 रन निकले हैं। उनके इस प्रदर्शन के बाद युवराज से लेकर सुनील गावस्कर तक कह चुके हैं कि उन्हें आराम करने की जरूरत है। लेकिन अब इस बहस में बीसीसीआइ प्रमुख सौरव गांगुली की भी प्रतिक्रिया सामने आई है।